RRB NTPC 2019 CBT-1
SYLLABUS & EXAM PATTERN

www.exammix.com

13.1. **प्रथम चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (इस सीईएन के सभी अधिसूचित पदों के लिए एक समान) :**

परीक्षा अवधि मिनट में	**प्रश्नों की संख्या (प्रत्येक 1 अंक) से**			**प्रश्नों की कुल संख्या**
	सामान्य जागरूकता	गणित	सामान्य बुद्धि और तर्कशक्ति	
90	40	30	30	100

स्क्राइब की सहायता प्राप्त करने वाले योग्य पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए परीक्षा अवधि 120 मिनट होगी।

www.exammix.com

उपर्युक्त सारणी में दिया गया खंडवार विभाजन केवल सांकेतिक है और वास्तविक प्रश्न पत्र में कुछ परिवर्तन हो सकता है। **वहाँ नकारात्मक अंकन होगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काट लिए जाएँगे।**

कंप्यूटर आधारित परीक्षा का प्रथम चरण (छटाई) स्क्रीनिंग प्रकार का होता है तथा कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए प्रश्नों का स्तर सामान्यत: पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक स्तर के अनुरूप होगा। प्रथम चरण सीबीटी के सामान्यीकृत अंकों का उपयोग उम्मीदवार के मेरिट के आधार पर उन्हें द्वितीय चरण के लिए चयन करने में किया जाएगा। **ऐसे उम्मीदवार जिन्हें कंप्यूटर आधारित परीक्षा के द्वितीय चरण के लिए चयन किया गया हो, जो अपिव (एनसीएल)/ अजा/ अजजा/ईडब्ल्यूएस, दिव्यांगता, भूतपूर्व सैनिक की कोटि में आरक्षण सुविधाओं का लाभ पा रहे हैं, उन्हें भर्ती प्रक्रिया के अगले सभी चरणों में उस समुदाय के अंतर्गत ही माना जाएगा।**

प्रश्न वस्तुनिष्ठ तथा बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे तथा निम्नलिखित विषयों से संबंधित प्रश्न शामिल किए जा सकते हैं :

क गणित :

अंक प्रणाली, बॉडमस, दशमलव, भिन्न, लघुत्तम समापवर्तक तथा महत्तम समापवर्तक, अनुपात एवं समानुपात, प्रतिशत, क्षेत्रमिति, समय तथा कार्य, समय तथा दूरी, सामान्य तथा चक्रवृद्धि ब्याज, लाभ व हानि, सामान्य बीज गणित, ज्यामिति और त्रिकोणमति, प्रारंभिक सांख्यिकी इत्यादि।

ख सामान्य बुद्धि और तर्कशक्ति :

अनुरूपता, वर्णानुक्रम एवं संख्या श्रृंखला, कोर्डिंग और डिकोर्डिंग, गणितीय संक्रियाएँ, समानताएँ और अंतर, संबंध, विश्लेषणात्मक तर्क, युक्ति वाक्य, बिना क्रम के रखना (जंबलिंग), वेन आरेख, पहेली, आँकड़ा पर्याप्तता, कथन-निष्कर्ष, कथन-निर्णय लेना, निर्णय, नक्शा, आलेखों की व्याख्या इत्यादि।

ग सामान्य जागरूकता :

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व की वर्तमान घटनाएँ, खेल और क्रीड़ा, भारत की कला और संस्कृति, भारतीय साहित्य, भारत के स्मारक और स्थान, सामान्य विज्ञान और जीवन विज्ञान (10 वीं सीबीएसई तक), भारत का इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम, भारत और विश्व की भौतिक, सामाजिक और आर्थिक भूगोल, भारतीय राजनीति और शासन-संविधान और राजनीतिक प्रणाली, भारत के सामान्य वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास सहित अंतरिक्ष और परमाणु कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र और अन्य महत्वपूर्ण संगठन, भारत और विश्व में बड़े पैमाने पर पर्यावरण के मुद्दों, कंप्यूटर और कंप्यूटर अनुप्रयोग, सामान्य संक्षिप्तियाँ, भारत में परिवहन प्रणाली, भारतीय अर्थव्यवस्था, भारत और विश्व की प्रसिद्ध हस्तियाँ, ध्वजपोत (विशेष) सरकारी कार्यक्रम, भारत की वनस्पति और जीव, भारत के महत्वपूर्ण सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन आदि।

विभिन्न समुदायों में पात्रता के लिए अंकों का न्यूनतम प्रतिशत : अनारक्षित - 40%, अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) - 30 %, अनुसूचित जाति – 30 %, अनुसूचित जनजाति -25%। दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए दिव्यांग व्यक्ति उपलब्ध न होने की स्थिति में दिव्यांग उम्मीदवारों को पात्रता के लिए 2% की छूट प्रदान की जाएगी।

www.exammix.com